कांच और मिट्टी के बरतनों का उद्योग

९३९. श्री अमर सिंह डामर : क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कांच और मिट्टी के बरतनों के उद्योगों के सम्बन्ध में गवेषणा करने के लिये बिहार सरकार को १९५२ में एक पिण्ड राशि का अनुदान दिया गया था;

(ख) बिहार सरकार ने तब से उस अनुदान का उपयोग कर लिया है; और

(ग) यदि हां, तो क्या इसके बारे में राज्य सरकार से कोई रिपोर्ट प्राप्त हुई है ?

वाणिज्य और उद्योग तथा लोहा और इस्पात मंत्री (श्री टी० टी० कृष्णमाचारी): (क) जनवरी १९५२ में २७,५०० रु० का एक अनुदान दिया गया था ।

(ख) राज्य सरकार ने ३१ मार्च, १९५५ तक २३,९०७ रु० का उपयोग किया है ।

(ग) जी, हां ।

हाथ की घड़ियां और दीवार की घड़ियां

९४०. श्री अमर सिंह डामर : क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) १९५२–५३ और १९५३–५४ में हाथ की घड़ियों और दीवार की घड़ियों के आयात के लिये पुराने और नये आयातकों को कितना कितना आयात अभ्यंश (कोटा) निश्चित किया गया था; और

(ख) हाथ और दीवार की घड़ियों को बनाने वाले विदेशी फर्मों के एक मात्र एजेण्टों को आयात के लाइसेन्स देने के विषय में वर्तमान नीति क्या है ?

वाणिज्य और उद्योग तथा लोहा और इस्पात मंत्री [श्री टी० टी० कृष्णमाचारी]: (क) एक विवरण संलग्न है [देखिये परिशिष्ट ७, अनुबन्ध संख्या २२] ।

(ख) हाथ की घड़ियों और दीवार की घड़ियों का निर्माण करने वाली विदेशी फर्मों के एक मात्र एजेण्टों को आयात लाइसेंस देने के लिये इस समय कोई खास विधान नहीं है ।

महा अभिरक्षक (कस्टोडियन जनरल) का कार्यालय

९४१. श्री अमर सिंह डामर : क्या पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि महाअभिरक्षक के कार्यालय में कितने कर्मचारी हैं ?

पुनर्वास मंत्री (श्री मेहर चन्द खन्ना):

(१)	घोषित (गजटेड)	१०
(२)	अघोषित (नान-गजटेड)	
	(क) तृतीय श्रेणी (क्लास थ्री	१०६
	(ख) चतुर्थ श्रेणी (क्लास फोर)	३४
		१४०
(३)	योग	१५०

Textile Factories

942. Shri D. C. Sharma : Will the Minister of Planning be pleased to state:

(a) the names of the States which have so far submitted their proposals for the establishment of new textile factories under the Second Five Year Plan; and

(b) the details of the various schemes

The Deputy Minister of Planning (Shri S. N. Mishra) : (a) and (b). A statement is placed on the Table of the House. (*See* Appendix VII, annexure No. 23).